## खबर संक्षेप

### प्लास्टिक मुक्त परिसर बनाने लिया संकल्प



**कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य सुनील कुमार बाजपेई के निर्देशानुसार एन एस एस के स्वयंसेवकों के द्वारा प्रस्तावना का वाचन किया गया और शपथ ली गई। साथ ही महाविद्यालय परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संकल्प लिया गया। स्वयंसेवकों ने परिसर की साफ सफाई की और समाज को भी साफ सुथरा स्वस्थ बनाने का सभी से आग्रह किया। इस अवसर पर जिला संगठन डॉक्टर रुक्मणी प्रताप सिंह और कार्यक्रम अधिकारी डॉ माधुरी गर्ग की उपस्थिति रही।

### भूतपूर्व सैनिकों की बैठक अब होगी 25 को

**कटनी।** जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों की बैठक अब 25 अप्रैल को होगी। पहले यह बैठक 23 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय कटनी में आयोजित की जानी थी। उसमें परिवर्तन कर अब यह बैठक 25 अप्रैल को नियत समय व स्थान में आयोजित होगी। कल्याण संयोजक, जिला सैनिक कल्याण कार्यालय दयाशंकर चतुर्वेदी ने बैठक में अधिक से अधिक संख्या में पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों को शामिल होने का अनुरोध करते हुए कहा कि अधिक जानकारी के लिये जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के दूरभाष नं. 07622-223144 पर संपर्क किया जा सकता है।

### प्रहलाद पटेल का आगमन आज

**कटनी।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल बुधवार 16 अप्रैल को जिले के कार्यक्रमों में शामिल होंगें। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री पटेल बुधवार प्रातः 11 बजे ढीमरखेड़ा के बड़ाकछार गांव में अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतिबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण करेंगें और यहां आयोजित पंच-सरपंच सम्मेलन में शामिल होंगें। इसके बाद दोपहर 12.30 बजे बड़ाकछार से प्रस्थान कर डीपीएस स्कूल चाका बाईपास के कार्यक्रम में शामिल होंगें। मंत्री श्री पटेल दोपहर 2.15 बजे मैहर जिले के झुक्रेही के लिये प्रस्थान करेंगें और वहां के स्थानीय कार्यक्रमों में शिरकत करेंगें।

### पहाड़ी में कल होगी लोक सुनवाई सह जनसंवाद

**कटनी।** विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत पहाड़ी में गुरुवार 17अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए।

### मारपीट कर किया घायल, मामला दर्ज

**कटनी।** कैमोर थाना क्षेत्र के खलवारा बाजार में एकराय होकर मारपीट किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि 26 वर्षीय पियूष दाहिया ने थाना पहुंचकर शिकायत करते हुए बताया कि खलवारा बाजार में गुरूनानक स्टोर्स के सामने प्रवीण दाहिया एवं आरिफ खान द्वारा एक राय होकर अचानक उसके साथ गालीगलौच करने लगे, विरोध करने पर मारपीट पर उतारू होकर घायल कर दिया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

## ठेका बदलते ही शुरू हो गया अवैध शराब का कारोबार, मूकदर्शक बना आबकारी

# गांव में पहुंची अवैध शराब की खेप, ग्रामीणों ने किया नष्ट, नशाखोरी के खिलाफ सख्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

जिले में शराब का नया ठेका बदलने के बाद से ही तमाम नियमों की अवहेलना की जा रही है। लायसेंसी ठेकेदार की मनमानी पर लगाम लगाने में प्रशासन पूरी तरह लाचार साबित हो रहा है। नियमानुसार लायसेंसी ठेकेदार द्वारा सिर्फ आवंटित दुकानों से ही शराब विक्री की जानी चाहिए लेकिन जब से नया ठेका शुरू हुआ है तब से गांव गांव में खुलेआम शराब का कारोबार दिन दूना रात चौगुना बढ़ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बड़वारा क्षेत्र के दर्जनों गांवों में ठेकेदार के गुर्गों द्वारा गाड़ी में शराब भर कर जगह जगह सप्लाई करने का मामला सामने आया है। आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर अवैध पैकारियां खुलेआम चलाई जा रही हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि पैकारियों में नाबालिकों को भी शराब परोसी जा रही है। नाबालिगों को शराब की लत लगने से समाज बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। गांव गांव शराब आसानी से पहुंचाई जा रही है। चिन्हित जगहों पर शराबियों का जमघट लगा रहता है।



ग्रामीणों की मानें तो जब से नया ठेका प्रारंभ हुआ है तब से चहुंओर शराब बेचने के सैकड़ों ठिकाने बना दिए गए हैं। ग्रामीणजनों ने बताया कि सोमवार को चार पहिया वाहन में पुरी तरह शराब की पेटियों से पैक गाड़ी चिन्हित स्थानों पर भेजने पहुंची थी, जिसका विरोध ग्राम वासियों ने किया जिसके बाद हालात काफी गंभीर हो गए थे, ऐसा लग रहा था जैसे शराब ठेकेदार के गुर्गे लाठी डंडों से हमला कर देगें। क्षेत्र के ग्राम भजिया व भुड़सा के ग्रामणों ने उनका डटकर सामना करते हुए अवैध शराब विकवाली का पुरजोर विरोध किया। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जिम्मेदार विभागीय अधिकारी समय पर नहीं चेते और ऐसे ही अवैध शराब की बिक्री गांव गांव होने की खुली छूट देगें तो ऐसे में आने वाले समय में उग्र आंदोलन की भी तैयारी की जावेगी। भुड़सा व भजिया के ग्राम वासियों का कहना है कि हम किसी भी हालत में अपने बच्चों को नशे की लत में नहीं आने देगें जहां का लायसेंस है वहीं पर शराब की बिक्री की जावें अन्यथा ऐसे उग्र आंदोलन करने विवश होना होगा। ग्रामीणों द्वारा अवैध रूप से बिकने आई शराब को नष्ट कराया गया साथ ही चेतावनी दी गई की अगर भविष्य में इस तरह की अवैध शराब की बिक्री की गई तो समस्त ग्रामीण जन इसका विरोध करेगें।

**नहीं बर्दाश्त करेंगें नशाखोरी**

ग्रामीणजनों का कहना है कि जिले में शराब का ठेका बदलने के बाद जिस प्रकार गांव गांव शराब की खेप पहुंचाकर बिकवाली की जा रही है ऐसा पहले कभी नहीं देखा गया। हैरानी की बात यह है कि आबाकारी विभाग की ओर से कोई कार्रवाही नहीं की जा रही है, ऐसे में अवैध शराब की बिक्री रोकने ग्रामीणों ने सख्त तेवर अपना लिया है। उनका कहना है कि जब तक अवैध शराब की बिक्री पर लगाम नहीं लगेगी तब तक वे इसका विरोध करते रहेगें। वे अपने गांव में नशाखोरी नहीं बढ़ने देगें। जगह जगह पैकारियां जिस प्रकार शराब का कारोबार को बढ़ावा दे रही है वे इसका पुरजोर विरोध करते रहेगें। ग्रामीणों का कहना है कि हम सभी गांव वाले एक होकर अवैध पैकारियों को बंद कराने लामबंद हैं ऐसे में अगर किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी आबकारी विभाग के साथ साथ शासन व प्रशासन की होगी।

# अक्षत ने बोस्निया में जीता अंर्तराष्ट्रीय शतरंज टूर्नामेंट



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शतरंज खिलाड़ी अक्षत खम्परिया ने अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतते हुए जिले सहित पूरे प्रदेश का मान बढ़ाया है। अक्षत ने बोस्निया और हर्जेगोविना में आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में दुनिया भर के खिलाड़ियों को पराजित करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। अक्षत ने बताया कि बोस्निया और हर्जेगोविना के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी स्टीवोजार ग्लिगोरिक के नाम से ग्रैंड मास्टर टूर्नामेंट आयोजित होता है। इस टूर्नामेंट में मेजबान बोस्निया और हर्जेगोविना के अलावा भारत, अजरबैजान, बुल्गारिया, अमेरिका, सर्बिया के खिलाड़ी शामिल थे। जिसमें से तीन ग्रैंड मास्टर थे जबकि तीन इंटरनेशनल मास्टर और तीन फीडे मास्टर खिलाड़ियों ने अपनी चुनौती पेश की। राउंड राबिन आधार पर मुकाबले खेले गए, जिसमें सभी को एक-दूसरे के खिलाफ खेलने का अवसर मिला। अक्षत इस टूर्नामेंट की वरीयता सूची में नौवें क्रम के खिलाड़ी थे यानी उनकी अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग दूसरी सबसे कम थी। स्वयं से अधिक रैंकिंग के खिलाड़ियों को पछाड़ते हुए उन्होंने यह सफलता हासिल की। इस खिताबी अभियान के दौरान उन्होंने दो ग्रैंड मास्टर खिलाड़ियों को पराजित किया। इनमें बुल्गारिया के ग्रैंड मास्टर दिमित्रोव रेडोस्लाव के खिलाफ सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज की। दिमित्रोव ने मुकाबला ग्रूनफील्ड ओपनिंग से खेला और अक्षत ने पलटवार करते हुए बाजी अपने पक्ष में मोड़ दी। वहीं बुल्गारिया के ग्रैंड मास्टर निकोलोव मोमचिव को भी सफेद मोहरों से खेलते हुए हराया। यह मैच निम्जो इंडियन शैली से खेला गया। अक्षत ने बताया यह बहुत ही चुनौतीपूर्ण टूर्नामेंट था। वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय शतरंज में युवा खिलाड़ी बेहतर योजनाओं और आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से तेजी से आगे आ रहे हैं। ऐसे में 36 वर्षीय अक्षत स्पर्धा में तीसरे सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे। इस जीत से अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में 20 रेटिंग पाइंट मिले।

## दो आरोपित फरार, पुलिस सर्गरमी से कर रही तलाश

# बैंक लोन के नाम पर लाखों रूपए का गमन करने वाला आरोपित पुलिस की गिरफत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

महिलाओं के साथ लोन के नाम पर धोकाधड़ी करने वाले तीन आरोपितों में से एक को पुलिस ने शिकायत के तीन दिन में ही पकड़ते हुए सफलता हासिल की है। पकड़े गए आरोपित को पुलिस ने माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

इस मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आवेदक जयहिन्द राजभर पिता मोतीलाल राजभर उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम रानीताल पोस्ट गोसलपुर जिला जबलपुर वर्तमान ब्रान्च मैनेजर भारत फाइनेंशियल इन्क्लूजन लिमिटेड के व्दारा एक लिखित



टाईप शुदा हस्ताक्षरित आवेदन पत्र पेश किया गया था । शिकायत की जांच पर आशु यादव पिता ओंमकार यादव निवासी बहोरीबंद, अभिषेक श्रीवास्तव पिता कमलेश श्रीवास्तव निवासीग्राम कोडा कलां तहसील जबेरा दमोह एवं शिवम शर्मा पिता अरूण शर्मा निवासी बंजारी विजयराघवगढ व्दारा बैंक में अपने पद का दुरूपयोग कर भारत फाईनेन्स के समूह मेम्बरो की महिलाओं से दिनांक 25/03/24 से 30/11/24 के मध्य महिलाओं से लोन की किस्त एवं प्री पेमेन्ट( लिये गये लोन को नियत अवधि के पूर्व लोन क्लोज करना), अन्य सी एस पी ऐप के माध्यम से महिला सदस्यों से यह कहकर कि आपके नाम से बैंक से लोन हुआ है या नही ,चेक करने के नाम पर बायोमैट्रिक मशीन में अगूठा लगवाकर समूह की महिलाओं के बैंक खातों से पहले से प्राप्त लोन को निकाल लिया एवं महिलाओं से लोन की किस्त की राशि जिसे बैंक में जमा कराया जाना था उसे अपने व्यक्तिगत लाभ के लिये समपरिवर्तित कर लिया गया है जो जांच दौरान प्रथम दृष्टया आरोपी आशु यादव, अभिषेक श्रीवास्तव एवं शिवम शर्मा के व्दारा धारा 420,409,34 भादवि (318(4),316(5),3(5) बी एन एस) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । आरोपीगणो की तलाश की गई । आरोपी शिवम शर्मा ,ट्रांसपोर्ट नगर कुठला मे मिलने पर आरोपी शिवम शर्मा को गिरफ्तार ज्यूडिशियल रिमांड पर माननीय न्यायालय मे पेश किया गया। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत, शशिभूषण सिंह, राजेश चौधरी, आरक्षक सुरेश कोरी आर. जज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# समर्थन मूल्य पर 1169 मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में समर्थन मूल्य पर अब तक 181 किसानों से 1 हजार 169 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया जा चुका है। जिले में औपचारिक तौर पर 11 अप्रैल से गेहूँ उपार्जन का कार्य शुरू हो चुका है। जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक रीठी तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति मुहास में 55 किसानों से 370 मीट्रिक टन गेहूँ उपार्जित किया गया है। वहीं प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बकलेहटा में 3 किसानों से 1 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया। इसी प्रकार प्राथमिक कृषि साख समिति रीठी के 32 किसानों से 175 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया। बहोरीबंद तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति



हथियागढ़ बचौया में 57 किसानों से 366 मीट्रिक टन गेहूँ एवं प्राथमिक कृषि साख समिति सहिड़ी में 1 किसान से 10 मीट्रिक टन गेहूँ तथा महाकाल विपणन सहकारी समिति बहोरीबंद खमतरा बाकल में 3 किसानों से 3 मीट्रिक टन और प्राथमिक कृषि साख समिति कूड़न क्यूलारी में 1 किसान से 1 मीट्रिक टन गेहूँ की खरीदी की गई। इसी प्रकार ढीमरखेड़ा के उमरियापान विपणन सहकारी समिति में 11 किसानों से 114 मीट्रिक टन गेहूँ और विजयराघवगढ़ तहसील के प्राथमिक कृषि साख समिति जिवारा सुभधा वेयरहाउस में 10 किसानों से 64 मीट्रिक टन और प्राथमिक कृषि साख समिति देवराकला में 4 किसानों से 44 मीट्रिक टन गेहूँ खरीदा गया है।

# रात 10 बजे के बाद डीजे बजाया तो अब खैर नहीं, होगी सख्त कार्रवाई

- अनुविभागीय अधिकारी ने जारी किए आदेश, रात 10 से सुबह 6 तक डीजे का उपयोग प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक डी.जे. का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। साथ ही अन्य समय में भी निर्धारित गाइडलाइन के मुताबिक ही डी.जे. बजाये जाने के निर्देश है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कटनी प्रदीप कुमार मिश्रा ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर उल्लेखित किया है कि रात 10 बजे से प्रातरू 6 बजे तक डी.जे. का उपयोग वर्जित होने के बाद भी इसके उल्लंघन करने की शिकायते आम जनता द्वारा लगातार की जा रही है।

इसी के मद्देनजर अनुविभागीय अधिकारी ने संबंधित डी.जे. संचालको को आदेश जारी करते हुए माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन करने पर डी.जे. जब्त करने एवं वैधानिक कानूनी कार्यवाही करने की चेतावनी दी है। एसडीएम कटनी ने आदेश में उल्लेखित किया है कि दो दिन पूर्व ही जनरेटर मेटाडोर को ले जाते हुये आगजनी की घटना घटी थी। साथ ही समस्त डी. जे. संचालको को आदेशित किया कि वह जनरेटर को ठेले में ही लेकर जायेंगे एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करेंगे। आगजनी एवं दुर्घटना होने पर वह फायर सेफ्टी अधिनियम के तहत दोषी माने जायेंगे। डीजे के प्रतिबंधात्मक आदेश के बाद इसका उल्लंघन करने वालों पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करने निर्देशित किया गया।

# गुणवत्तापूर्ण के साथ तय समय में पूर्ण करें कार्यः कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जिला खनिज प्रतिष्ठान मद से स्वीकृत निर्माण कार्यों की विभागवार निर्माण एजेंसी के कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी निर्माण एजेंसियों को तय समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्यों को पूर्ण करने की हिदायत देते हुये निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समयावधि के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिये।

बैठक में जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत,



कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी शारदा सिंह, निगमायुक्त नीलेश दुबे सहित आरईएस, पीएचई, जलसंसाधन, पीआईयू और जिला शिक्षा केंद्र के अधिकारी मौजूद रहे। कलेक्टर ने प्रगतिरत कार्यों को निर्माण एजेंसियों को 2 माह की अवधि में बरसात के पूर्व पूर्ण कराने की हिदायत दिया और अप्रारंभ कार्यों को तत्काल शुरू करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने पीएचई के 5, लोकनिर्माण के दो, जलसंसाधन विभाग द्वारा 4, जिला शिक्षा केंन्द्र द्वारा 10 और नगर पालिका एवं पीआईयू एक-एक निर्माण कार्य प्रगतिरत होने की जानकारी दी। जिस पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुये उन्हें तत्काल बरसात के पूर्व पूर्ण कराने की हिदायत दी।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी स्थिति में किसी भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने रीठी बस स्टैण्ड निर्माण कार्य में हो रहे विलंब का कारण जाना। जिस पर परियोजना क्रियान्वयन इकाई के कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया कि वर्तमान में फिनिशिंग स्तर पर कार्य चल रहा है।

## शहर के मुख्य मार्गों में सायरन बजाते हुए निकली दमकल की गाड़ियां

# अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर महापौर ने शहीदों को दी श्रृद्धांजलि





हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सोमवार को अग्निशमन सेवा दिवस पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। जिसमें सभी ने एकजुट होकर अग्नि सुरक्षित भारत के उद्देश्य से दीप प्रज्वलित करने और अग्नि दुर्घटना से जबरदस्त नुकसान, अग्नि बचाव को बनाये अभियान विषय रखा गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर प्रीति संजीव सूरी,नगर निगम आयुक्त, एमआईसी सदस्यों व निगम के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों ने पुष्प चढ़ाकर दो मिनट का मौन धारण करते हुए शहीद वीरों को याद किया।

भावपूर्ण श्रद्धांजलि के बाद जन-जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में दमकल की गाड़ियां आग से बचाव संबंधी पोस्टर और बैनर के माध्यम से सायरन बजाते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए लोगों को जागरूक किया। अग्निशमन दिवस के अवसर पर महापौर प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि 14 अप्रैल को अग्निशामक दिवस मनाया जाता है ये दिन,1944 में मुंबई बंदरगाह पर हुए भीषण अग्निकांड में शहीद हुए अग्निशामकों की याद में मनाया जाता है। आज हमारी कटनी में हर जगह जहाँ भी आग लगती है वहाँ सबसे पहले लोगो को बचाने के लिए अपनी जान जोखिम में डालने का काम मेरे यही फायर ब्रिगेड के सिपाही करते हैं जो सबसे ज़्यादा पुण्य का कार्य करते हैं , मेरे सभी फायर ब्रिगेड के रक्षक सिपाहियों पर हमें नाज है। हमे आपकी काबिलियत पर,काम पर आपकी निडरता पर नाज है , आपके बिना नगर निगम कोई भी अनुकरणीय कार्य नहीं कर सकता । आप नगर निगम की इस व्यवस्था की सबसे बड़ी रीड की हड्डी हैं ,कुछ दिन पूर्व में बरगवा में बिल्डिंग में भीषण आग लगी थी तब भी इन रक्षको के द्वारा अपनी निडरता का परिचय देते हुए बिना जान माल के नुकसान के आग में नियंत्रण किया। ये एक ऐसा जिम्मेदारी भरा काम है जिसमें कभी भी किसी भी समय आपातकाल के रूप में आप लोगो की जान बचाने के लिए इस कार्य को करने के लिए तत्पर रहते हैं इसके लिए पूरे नगर वासियों की तरफ़ से आप सब का ह्दय से धन्यवाद देती हूँ आप सब जीवन देने वाले सिपाही है । आज के दिन उन सभी शहीदों को नमन करती हूँ जिन्होंने लोगों की जान बचाने के लिए अपनी जान का बलिदान किया ।ये कोई साधारण कार्य नहीं ।

कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, अवकाश जायसवाल, प्र फ़ायर नियंत्रण अधिकारी शैलेंद्र प्यासी, शैलेंद्र दुबे सहित निगम के समस्त फ़ायर विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्तिथि रही।

# तालाब की सफाई कर दिया गया जल संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन 30 मार्च से 30 जून तक चलाया जा रहा है इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ता लगातार गांव गांव में जल संरक्षण का सन्देश पहुँचा रहे है। यह कार्य जल स्त्रोतों के संरक्षण और पुनर्जीवन का महा अभियान है। आगे आने वाले समय में नदी, नाले, तालाब, कुंआ, बाबड़ी आदि में पानी की कमी हो जाएगी इसलिए हम सभी मिलकर जनभागीदारी से चिन्हित जल स्त्रोतों का संरक्षण और संवर्धन करने का काम आवश्य करें। पानी है अनमोल रतन ऐसे बचाने करो जतन की तर्ज में लोगो को जागरूक करने अभियान के माध्यम से पेयजल एवं जल स्त्रोतों के रखरखाव के लिए जन सहयोग की आवश्यकता है। नन्हवाराकला में तालाब की सफाई व खुदाई कार्य, गोपालपुर में नाले की सफाई, भुड़सा, भजिया, बांध और देवरी मारवाड़ी में दीवाल लेखन कर लोगों को जागरूक किया गया। जल गंगा संवर्धन अभियान सफल बनाने में मानव जीवन विकास समिति की समस्त टीम लगातार कार्य कर रही है।

## खबर संक्षेप

### सिलौड़ी में मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



**सिलौड़ी।** डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती आसपास के सभी ग्राम पंचायतों में मनाई गई। मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय,सरपंच दशरमन सीमा भरत शुक्ला ,खमरिया सरपंच अनिल सिंह बागरी,सरपंच कछार गांव बड़ा कैलाश चंद्र जैन ने पुष्प अर्पित कर उनकी जन्म जयंती मनाई। ग्राम पंचायत में ग्राम सभा में विकास कार्यों की चर्चा की । इस दौरान डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला गया ।

### कछारगांव बड़ा में खरीदी केन्द्र प्रारंभ

**सिलौड़ी।** सिलौंडी के कछार गांव बड़ा में गेहूं खरीदी केंद्र का शुभारंभ मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी, सरपंच कैलाश चंद्र जैन, सरपंच अनिल सिंह बागरी, पूर्व सरपंच राजेंद्र बागरी, ओमकार उपाध्याय ने किया। शासन के निर्देश में शासन के नियमों के अनुसार किसानों से गेहूं खरीदी का कार्य होगा ।इस दौरान दीनू बागरी, प्रवीण बर्मन,प्रह्लाद तिवारी,रघुवीर बागरी , गोविंद बागरी, आदि मौजूद रहे।

### नरवाई जलाने पर अब तक 15 एफआईआर दर्ज

**कटनी।** फसल अवशेष नरवाई जलाने के विरूद्ध कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के प्रतिबंधात्मक आदेश के उल्लंघन पर बरही पुलिस थाने में एक और एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिले में अब तक 18 व्यक्तियों के विरुद्ध अलग-अलग पुलिस थानों में 15 प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी है। 15 वीं एफआईआर सोमवार 14 अप्रैल को दर्ज कराई गई है। फसल अवशेष नरवाई जलाने पर पुलिस थाना बरही में ग्राम करौंदी खुर्द निवासी जितेन्द्र पिता रामनरेश ताम्रकार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ग्राम कोटवार रामफल दाहिया पिता नर्मदा प्रसाद दाहिया ने पंचनामा और हल्का पटवारी का प्रतिवेदन देकर एफआईआर दर्ज कराई। जिसमें उल्लेखित किया कि ग्राम करौंदी खुर्द के हल्का पटवारी नं. 9 स्थित भूमि खसरा नंबर 2194 एवं 2193 की नरवाई में आग लगाई गई। जो कलेक्टर द्वारा नरवाई के संबंध में जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन है। इसके लिए प्राथमिकी दर्ज की गई।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में एक विवाहिता द्वारा फांसी के फंदे पर झूलकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जुजावल निवासी विजय भूमिया की 31 वर्षीय पत्नी ने किन्ही अज्ञात कारणों के चलते फांसी के फंदे पर झूलकर अपनी जान दे दी। बताया पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लेकर जांच प्रारंभ कर दी है।

### देशी शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**कटनी।** कोतवाली थाना के गांधी द्वारा के पास एक युवक के पास से पुलिस ने 100 पाव देशी मदिरा जप्त करते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना मिली थी के स्थानीय गांधी द्वारा के पास एक युवक द्वारा देशी शराब की तस्करी कर रहा है। पुलिस ने सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर एक युवक को धर दबोचा। पुलिस ने बताया कि दुर्गा चौक निवासी 38 वर्षीय ब्रजेश जायसवाल पिता सत्यभान जायसवाल के पास से 50 पाव देशी प्लेन कीमत 5000 रूपए तथा 50 पावं लाल मसाला कीमत 8000 रूपए की शराब जप्त की गई है।

### मारपीट कर युवक को किया घायल

**कटनी।** स्लीमनाबाद पुलिस ने देवरी मवई निवासी मुकेश रजक की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मुकेश रजक ने शिकायत करते हुए बताया कि चिरई उर्फ ह्दयलाल आदिवासी द्वारा उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट कर घायल किया गया पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### कार्यपालन यंत्री के साथ सांठगांठ कर निजी स्कूल ने कराया सड़क निर्माण

# निजी स्कूल के लिए नहर की मेढ़ पर बनवा दी सड़क, मामले ने पकड़ा तूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



नर्मदा माइनर नहर के ऊपर एक निजी विद्यालय द्वारा सड़क निर्माण का मामला अब कार्यपालन यंत्री के गले की फांस बनता जा रहा है। पहले तो अपने पद का दुरूपयोग कर स्कूल प्रबंधन से मिलीभगत कर सड़क निर्माण करा दिया गया लेकिन मामला उजागर होने के बाद निजी स्कूल और अधिकारियों के बीच विवाद बढ़ने की स्थिति निर्मित हो रही है। बताया जाता है कि जहां एक तरफ सड़क निर्माण से नहर की स्थिति खराब हो गई है दूसरी तरफ अपनी साख बचाने स्कूल प्रबंधन और नर्मदा संभाग के अधिकारी एक दूसरे पर आरोप मढ़ने लगे हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा भी इस संबंध में कार्यपालन यंत्री के विरूद्ध किसी तरह की कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

हैरानी की बात है कि आखिर कैसे अपने पद का दुरूपयोग करते हुये तमाम नियमों को दरकिनार कर शासकीय भूमि पर सड़क बनाने की अनुमति दे दी गई। हालांकि नियमानुसार ऐसा कोई प्रावधान निहित नहीं है जहां पर शासन के अधिपत्य एवं स्वामित्व की भूमि पर कोई निजी संस्थान निर्माण कार्य कराये। स्कूल प्रबंधन के द्वारा बिछिया माईनर नहर में सड़क का निर्माण कराया गया है। वहीं विभाग के द्वारा यह दुहाई दी जा रही है कि यह सड़क आमजनों के निस्तार के लिये है लेकिन जिस स्थान पर सड़क का निर्माण कार्य करवाया गया है वहां से ग्रामीणों का आवागमन नहीं है। लिहाजा ग्रामीणों की आड़ लेकर कार्यपालन यंत्री द्वारा स्कूल को लाभ पहुंचाने की मंशा से अनुमति दी गई है जो नियम के विरूद्ध है।

इस मामले में बताया जाता है कि 1 वर्ष पहले अनुमति प्रदान की गई थी, जिसके बाद निर्माण अब चालू किया गया है। उमरियापान के समीप बिछिया माईनर नहर भी है। पकरिया में इसी माइनर नहर के ऊपर द्वारा शासन के नियमों को दरकिनार कर निजी उपयोग हेतू शासकीय भूमि पर ठेकेदार के माध्यम से सड़क बनाने का कार्य कराया जा रहा है। मामले में स्कूल प्रबंधन और कार्यपालन यंत्री की मिलीभगत भी उजागर हुई है। बताया जाता है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा इस मामले में पत्राचार किया । बताया जाता है कि माइनर नहर के ऊपर सड़क निर्माण कराने से नहर का रूवरूप ही बदल गया है। निर्माणाधीन सड़क की मिट्टी भी नहर में जा रही है।

इस पूरे मामले पर कार्यपालन यंत्री की प्रमुख भूमिका रही है जिन्होंने निजी स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ कर स्कूल को सड़क बनाने की फर्जी अनुमति दे दी। कार्यपालन यंत्री अक्सर विवादों के घेरे में बने रहते है। अब भी कार्यपालन यंत्री ने शासन के नियमों को दरकिनार कर स्कूल प्रबंधन से सांठगांठ की है। इतना ही कार्यपालन यंत्री ने तो फर्जी अनुमति में महत्वपूर्ण जानकारी छुपाई है, इसके अलावा अपने ही विभाग के अधिकारियों को भी अवगत नहीं कराया।

## सिलपरा नदी में श्रमदान कर बदल दी तस्वीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद ढीमरखेड़ा की पिपरिया सहलावन नवांकुर संस्था के द्वारा उमरियापान सेक्टर के भनपुरा ग्राम में सिलपरा नदी में जल संरक्षण को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर नवांकुर और प्रस्फुटन समिति सदस्यों के साथ सीएमसीएलडीपी छात्र छात्राओं के द्वारा श्रमदान कर नदी में साफ सफाई की गई। नदी से निकले कचरे का सुरक्षित निस्तारण किया गया। श्रमदान के बाद नदी की धार में परिवर्तन हुआ। विकासखंड समन्वयक बबीता शाह ने जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर जानकारी दी। श्रमदान करने वाले वाले छात्र छात्राओं और समिति सदस्यों को संबोधित करते हुए उत्साहवर्धन किया। क्षेत्र में निरंतर गतिविधियां करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उमरियापान सेक्टर प्रभारी प्रकाशनाथ साहू, ढीमरखेड़ा सेक्टर प्रभारी अंकित झारिया, धरवारा सेक्टर प्रभारी कोदुलाल हल्दकार, परामर्शदाता शैलेष दुबे, सुमित सिंह ठाकुर, समाजससेवी जयपाल सिंह, अरविंद ब्यौहार, पंकज नामदेव, विपेन्द्र नामदेव, आकाश ठाकुर, सुधीर सिंह, सुमित बर्मन,नीता विश्वकर्मा, रश्मि चौधरी, शालिनी विश्वकर्मा, रूबी सिंह, ब्रजेश बर्मन, नैतिक बर्मन सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

*गांव के हैण्डपंप भी हुए खराब, बूंद बूंद को तरह रहे लोग*

## ग्राम कुदवारी में पेयजल की बनी समस्या, नहीं मिल पर रहा शुद्ध जल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान



ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित ग्राम कुदवारी में पेयजल समस्या का सुधार नहीं हो पा रहा है। महीनों से ग्रामीणों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है। ग्रामीण शुद्ध पानी पीने के लिए तरस रहे हैं। पीएचई विभाग के अधिकारी और ग्राम पंचायत के जिम्मेदार एक दूसरे पर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन इसका खामियाजा ग्रामीणों को झेलना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो साल पहले से बनी पानी की टंकी अब पूरी तरह बंद पड़ी है। गांव में लगे हैंडपंप भी हवा उगल रहे हैं, कई हैंडपंपों से दूषित पानी निकल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत के बाद हमारी कोई सुनता नहीं है। पीएचई विभाग के अधिकारी कहते हैं कि टंकी हैंडओवर हो गई है अब इसका रखरखाव व संचालन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत की है। पापी की बिकराल समस्या होने पर भी इसकी जानकारी ग्राम पंचायत द्वारा जानकारी नहीं जा रही, वहीं ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों का कहना है कि सुधार कार्य कराया जा रहा है। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत बम्हनी के आश्रित कुदवारी गांव में नल जल योजना दम तोड़ती नजर आ रही है। टंकी से ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। ग्रामीणों ने बताया की पानी की टंकी ऊपर से खुली हैं। ढक्कन नही बनाया गया। ऊपर का हिस्सा खुला होने से पक्षी टंकी के पानी में डूब रहे हैं। पेड़ों की पत्तियां भी टंकी में भर रही है। हवा तूफान चलने पर मिट्टी भी पानी मे घुल जाती है। टंकी के पानी से बदबू भी आ रही थी। महिलाओं ने बताया कि गांव में 6 हैंडपंप भी लगे हैं। लेकिन सभी हैंडपंप चालू नहीं है। देर तक चलाने के बाद मटमैला पानी निकल रहा जिसे लोग पीने के लिए पानी का उपयोग नहीं करते हैं। हैंडपंपों के पास गन्दा पानी भी भरा होने से ग्रामीणों को दूषित पानी मिल रहा है। महिलाओं का कहना है कि उन्हें पानी के लिए काफी परेशान होना पड़ता है। दूर से ढोकर घरों तक पानी लाया जाता है। गर्मी में यह समस्या ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनी हुई है।

## इंद्रा नगर में श्रृमिको ने किया बाबा साहब को नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर इंद्रानगर बस्ती में श्रमिकों के बीच कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बुजुर्ग,युवा,महिलाएं एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्रमिक नेता कमलेश पटेल रहे जिन्होंने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के उत्थान के लिए बाबा साहब के द्वारा लाये गए हिन्दू कोड बिल का जिक्र किया जिसके माध्यम से देश की महिलाओं को मताधिकार, पैतृक संपत्ति में बेटे के बराबर की हिस्सेदारी जैसे अधिकार दिलाये जाने की बात कही।

कार्यक्रम के दौरान श्रोताओं को भी बाबा साहब के जीवन के बारे में अपने अपने विचार रखने के लिए मंच पर आमंत्रित किया गया जिसमें खासतौर पर छात्र, छात्राओं द्वारा रखे गए विचारों को श्रोताओं ने तालियाँ बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में आंबेडकर साहब द्वारा दिए गए तीन मूल मंत्र बंधुता, समानता, स्वतंत्रता पर प्रकाश डाला गया। अश्पृश्यता के निवारण और शिक्षा के क्षेत्र में बाबा साहब के द्वारा किये गए प्रयासों पर चर्चा की गयी। शिक्षा के द्वारा ही व्यक्ति का समग्र विकास संभव है,इन विचारों को केंद्र में रखकर सभी श्रमिकों के बीच शिक्षा के महत्त्व को बताया गया। स्वयं को शिक्षित कर गरीबी से मुक्ति दिलाना ही भीमराव आंबेडकर के जीवन वास्तविक अनुसरण है। बाबा साहब के जयकारे के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीकांत, प्राणनाथ पटेल, लक्ष्मी निषाद, विनोद निषाद, गोरेलाल सहित भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## संविधान निर्माता बाबा साहब के पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती नगर में उत्साह व उमंग के साथ मनाई गई। सर्व प्रथम बाबा साहब की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किये गए। ततपश्चात बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की तस्वीर को रथ में सुसज्जित कर डीजे की धुन पर नृत्य करते हुए जय भीम जय संविधान के उद्घोष के साथ भव्य जुलूस नगर में भृमण किया । बाबा साहब की तस्वीर का जगह जगह पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मान किया गया। मुख्य कार्यक्रम अम्बेडकर चौक बड़वारा में आयोजित किया गया जहां पुष्प सुमन अर्पित किए गए व नमन किया गया। तत्पश्चात उनके जीवन चरित्र पर वक्तव्य दिए गए। कंधी लाल ने कहा कि बाबा साहब महान विचारक, सामाजिक समरसता के शिल्पकार बहुआयामी प्रतिभा के धनी, राष्ट्र को बहुआयामी संविधान देने वाले महान प्रतिभा के प्रतिमूर्ति थे।

बाबा साहब ने समाज के शोषित वर्ग के लोगों को उनका अधिकार दिलवाने के लिए अद्वितीय कार्य किया है। हम सब लोग दलित शोषित व उपेक्षित वर्ग के मसीहा बाबा साहब को श्रद्धा पूर्वक नमन करते हैं। ओमकार सिंह(खली) ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन काल मे समाज के हर व्यक्ति को समाज की मूल धारा से जोड़ने का कार्य किया है। राजेश चौधरी ने कहा कि बाबा साहब की जयंती समाज मे एकता स्थापित करने का संदेश लेकर आती है।

## जनसुनवाई में आए 107 आवेदन, निराकरण के दिए आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई के दौरान 107 लोगों की समस्याओं और शिकायतों की सुनवाई की और संबंधित अधिकारियों को इनके त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान 107 आवेदकों ने कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्याओं और शिकायतों की जानकारी दी। कलेक्टर के निर्देश पर तहसील, विकासखण्ड मुख्यालय और ग्राम पंचायत स्तर पर भी जनसुनवाई आयोजित की गई । इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, संयुक्त कलेक्टर निधि सिंह, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी मौजूद रहे।

शिकायतकर्ता रमा विश्वकर्मा पति रमेश कुमार विश्वकर्मा निवासी इंदिरा ज्योति कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड ने आवेदन देते हुए उज्जवला योजना का लाभ दिलाये जाने की मांग करते हुये कहा कि मैं मजदूर महिला हूँ एवं मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करती हूँ। मैं उज्जवला योजना का कनेक्शन प्राप्त करना चाहती हूँ लेकिन जब भी गैस एजेंसी जाती हूँ तो मुझे यह कहकर टाल दिया जाता है कि अभी योजना नहीं चल रही है जब चलेगी तो आपको योजना के तहत कनेक्शन दिया जायेगा। जिस पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग को नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसके अलावा ग्राम पंचायत तमुटिया निवासी राजेन्द्र कुमार परधान द्वारा दिये गये आवदेन में बताया कि मैं विगत पांच वर्षों से ग्राम पंचायत तमुटिया में चौकीदार हूँ। लेकिन विगत 10 माह से मुझे वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने सीईओ जनपद पंचायत बहोरीबंद को समुचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

इसी प्रकार फारेस्टर वार्ड निवासी संतोष सिंह पिता स्व. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि घर में मां सहित हम दो सदस्य हैं। मां झाडू-पोछा का कार्य करती है एवं मैं मजदूरी करके जीवनयापन करता हूँ। लेकिन पिछले कुछ समय से ब्रेन एवं रीढ़ की हड्डी में तकलीफ होने से मैं मजदूरी नहीं कर पा रहा हूँ। मेरा ईलाज जबलपुर में चल रहा है। जबलपुर आने-जाने एवं ईलाज कराने के लिए मेरी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। इसलिए इलाज हेतु मुझे आर्थिक सहायता प्रदान की जाये। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने सिविल सर्जन को नियमानुसार उपचार हेतु व्यवस्था करने की हिदायत दी।

ग्राम देवरीकला निवासी गंगाराम साहू पिता स्व. सुखंदी साहू ने आवेदन के माध्यम से बताया कि ग्राम देवरी कला की सह स्वामित्व की भूमि जिसका खसरा नंबर 531, 536, 559, 563 562, 855/2, 855/3 एवं 1014 कुल रकवा 1.72 हेक्टेयर है। जिसमें खसरा नंबर 536, 559 रकवा 0,03 एवं 0,24 हेक्टेयर पर मैं विगत 40 वर्षों से काबिज हूँ एवं खेती कर रहा हूँ। तथा राजस्व रिकार्ड में भी मेरा नाम दर्ज है। जिस पर कलेक्टर ने तहसीलदार रीठी को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### रविन्द्रनाथ टैगोर वार्ड में निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

## नागरिकों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना प्राथमिकता: महापौर





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देशन में नगर विकास का सिलसिला अनवरत जारी है। जिसके तहत नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों में निरंतर विकास कार्यों के माध्यम से नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के प्रयास किए जा रहे है। इसी कड़ी में नागरिकों के सुगम आवागमन की व्यवस्था हेतु रविन्द्र नाथ टैगोर वार्ड स्थित अमीरगंज में एम एस डब्ल्यू प्लांट से खेर माई माता मंदिर, अमीरगंज चौराहा तक कायाकल्प अभियान के तहत कराए जा रहे सड़क डामरीकरण कार्य एवं पार्क बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का सोमवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सर्व जयनारायण निषाद सुभाष साहू, डॉक्टर रमेश सोनी सहित वार्ड पार्षद विनोद यादव सहित निगम के अधिकारी कर्मचारी भी मौजूद रहे।

सड़क डामरीकरण कार्य के निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद के दौरान प्राथमिकता से मूलभूत सुविधाएं मुहैया करने की बात कही। साथ ही ठेकेदार को गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। निर्माण कार्य के दौरान सड़क किनारे नाली के ऊपर के अतिक्रमण स्वेच्छा से अलग करने तथा निर्मित नई सड़क से तत्काल आवागमन करने का आग्रह किया। ताकि गुणवत्ता पूर्ण निर्मित सड़क का नागरिकों को अधिक समय तक लाभ प्राप्त हो सके। स्थानीय पार्षद विनोद यादव ने बताया कि सड़क निर्माण होने से जहां एक ओर आवागमन सुचारू होगा। वही क्षेत्रीय नागरिक पार्क का उपयोग मनोरंजन एवं अन्य स्वास्थ्य गतिविधियों के लिए कर सकेंगे।संवाद के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विकास कार्य स्वीकृत किए जाने पर महापौर श्रीमती सूरी एवं स्थानीय पार्षद विनोद यादव को धन्यवाद ज्ञापित किया।

निरीक्षण के दौरान महापौर श्रीमती सूरी ने अमीरगंज में अटल आश्रय के सामने नागरिकों के स्वास्थ्य और मनोरंजन की सुविधा से निर्मित कराए जा रहे पार्क की बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य का निरीक्षण कर मौके पर मौजूद अधिकारियों को पार्क का व्यवस्थित रूप से विकास करने के निर्देश दिए। विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंची महापौर श्रीमती सूरी ने अमीरगंज में पूर्व पार्षद गली के मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया तथा नगर विकास ओर नागरिकों के सुख समृद्धि की कामना की।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 901 व्यक्तियों ने उठाया लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में स्थित 18 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) खरखरी, खितौली, गणेशपुर, भुड़सा, देवराकला, कारीतलाई, गैरतलाई, चरगवां, खम्हरिया, देवगांव, रैपुरा, भैंसवाही, गुरजीकला, पिपरौंध, कुठिया मेहगवां, बरन मेहगवां मुरवारी एवं कछगवा जोबा में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) में निर्धारित थीम गैर-संकमित रोगों की पहचान, रोकथाम, नियंत्रण एवं प्रबंधन अनुसार मंगलवार को आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 901 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निरूशुल्क दवा व उपचार प्रदान किया गया।

शिविर में गैर संक्रमित रोगों की पहचान, रोकथाम रोगों से बचाव व स्वास्थ्य संबंधी देखभाल एवं उचित आहार-विहार, दिनचर्या के लिए प्रेरित किया गया एवं निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में कुल 901 हितग्राहियों को लाभान्वित किया।

## खबर संक्षेप

### खेलवृत्ति के लिये आवेदन 31 मई तक

**दमोह।** खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता (मान्यता प्राप्त खेल संघ द्वारा आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता) में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपये, रजत पदक पर 8 हजार रूपये एवं कांस्य पदक पर 6 हजार रूपये खेलवृत्ति राशि प्रदान करने का प्रावधान है। आवेदक की आयु 01 अप्रैल 2025 की स्थिति में 19 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। वर्ष 2024 की खेलवृत्ति हेतु आवेदन 31 मई 2025 तक स्वीकार किए जा सकेंगे। खेलवृत्ति हेतु आवेदन कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, हॉकी एस्ट्रोटर्फ मैदान सिविल वार्ड स्टेडियम दमोह से कार्यालयीन समय एवं किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त कर सकते है। 31 मई 2025 के पश्चात प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।

### पवई सर्व हिंदू समाज ने तहसीलदार पवई को सौंपा छः सूत्रीय ज्ञापन

**पवई।** बीते 12 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा के दौरान सड़क पर मांस के टुकड़े मिलने का मामला सामने आया था,जिस पर पुलिस ने अज्ञात तत्वों पर मामला दर्ज करते हुए सीसीटीवी फुटेज से कुत्ते द्वारा उल्टी कर गंदगी फैलाई जाने की बात बताई गई थी। लेकिन पुलिस की कार्यवाही से बजरंग दल,विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता संतुष्ट नहीं थे,इसके विरोध में बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद द्वारा मंगलवार को पवई नगर बंद कर धरना आंदोलन करने का आवाहन किया गया था,जिसे प्रशासन द्वारा अनुमति नहीं दी गई थी। मंगलवार की सुबह अधिकांश दुकानदारों द्वारा स्वयं ही अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद कर लिए थे। पुलिस प्रशासन द्वारा सुबह से ही नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने वज्र वाहन व भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस की सख्ती से धरना प्रदर्शन नहीं हुआ, जिसके सर्व हिंदू समाज द्वारा शांतिपूर्वक ढंग से भाजपा मंडल अध्यक्ष निधि पटेरिया के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार प्रीतिपंथी को छः सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।

### 50 विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था, विधायक मलैया ने किया शुभारंभ

# पुरानी कलेक्ट्रेट में ग्रंथालय का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

स्व. श्री चन्द्रकांत सोनवलकर जी की स्मृति में ग्रंथालय का एक्सटेंशन हुआ है, आज कल सिस्टम बदल गया है, विद्यार्थी मिल-जुलकर पढ़ाई करना चाहते है, मेरी बहुत- बहुत हार्दिक शुभकामनाऐं इसका पूरा लाभ विद्यार्थी उठायें । यह बात दमोह विधायक जयंत मलैया ने स्थानीय पुरानी कलेक्ट्रेट में ग्रंथालय के शुभारंभ अवसर पर कही।

जिला शिक्षा अधिकारी एस.के नेमा ने कहा आज के समय में ट्रेंड चल गया है, कि बच्चे जो हैं, घर में उतनी अच्छी स्टडी नहीं कर पाते हैं, जितने की मिल-जुल के लाइब्रेरी में इकट्ठे होकर अपने-अपने क्षेत्र में एक दूसरे से डिस्कॅशन करके वह कॉन्सन्ट्रेशन के साथ पढ़ सकते हैं। वैसी ही व्यवस्था हमारे यहाँ पर पूर्व में जिला पंचायत भवन में थी उसके बाद कलेक्टर श्री कोचर ने अतिरिक्त कक्ष वहाँ पर दिया। वहाँ पर भी विद्यार्थी बन नहीं पाए इसके बाद आवश्यकता को देखते हुए कलेक्टर सर ने यहाँ पर एक और रूम प्रदाय किया। फर्नीचर दिया है, और बच्चों को अच्छी से अच्छी अध्ययन व्यवस्था मिले और वह आगे आने वाले कॉम्पिटिशन में सफल होकर अधिकारी बन सके इस तरीके का प्रावधान रखा गया है।

लाइब्रेरियन मोहिनी ठाकुर ने बताया यह लाइब्रेरी पुरानी जिला पंचायत में पहले से संचालित थी और यह वहाँ पर 200-250 छात्रों के बैठने की व्यवस्था थी लेकिन कलेक्टर सर और जिला शिक्षा अधिकारी श्री नेमा जी के सहयोग से और विधायक जी सबके सहयोग से एक और लाइब्रेरी यहाँ खोली गई है, जो महिला बाल विकास भवन के ठीक बाजू में व्यवस्थाएँ की गई है, अभी फ़िलहाल 50 छात्रों के लिए बैठने की व्यवस्था है, और जो बच्चे पहले आएँगे उनको पहले सीट मिल जाएगी। यहाँ पर सीट फिक्स रहेंगी। ऐसा नहीं रहेगा की बाहर से कोई नया विद्यार्थी आ रहा है, तो उसको यहाँ पर एंटर किया जाएगा। जो विद्यार्थी पहले से रजिस्टर्ड रहेंगे केवल वह ही बच्चे यहाँ पर बैठ जाएंगे और इसी उम्मीद के साथ यह नई लाइब्रेरी खोली गई है, की आगे भविष्य में विद्यार्थी यहाँ पर और उन्नति करेंगे। एक छात्र ने कहा मैं जिला प्रशासन और लाइब्रेरी प्रशासन को धन्यवाद करना चाहता हूँ कि उन्होंने एक नया संस्थान ओपन किया है, जो कि सुचारू रूप से बच्चों को मददगार ही होगा। राहुल पटेल कहते हैं आज यहाँ पर लाइब्रेरी का उद्घाटन किया गया है, जो स्वर्गीय चंद्रकांत सोनवलकर जी की स्मृति में किया गया है, और यह जो विद्यार्थी अध्ययन करते है, उनके लिए बहुत ही शानदार है, तो इसके लिए मैं जिला प्रशासन का आभारी हूँ। एक छात्र अरविंद पाठक कहते हैं हम छात्रों को आज ज्ञान कुंज अध्ययन केंद्र मिला है, जिसको लेकर सभी छात्र उत्साहित है, इसके लिये में जिला प्रशासन को धन्यवाद देना चाहता हूँ।

# धूमधाम से मनाई गई बाबा साहेब की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी संविधान रचयिता, विश्व रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती नगर में बड़े धूमधाम के साथ देर रात तक मनाई गई। सर्वप्रथम नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के बाबा साहेब के सैकड़ों अनुयाई एवं सर्व समुदाय के नागरिक नगर के वार्ड नंबर 10 में स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा स्थल परिसर मे एकत्रित हुए । यहां पर भगवान- बौद्ध की विशेष वंदना के साथ एक विशाल जुलूस नगर के प्रमुख मार्गो पर बैंड बाजे आतिश बाजी, डीजे, बाबा साहेब के चित्र की सीनरी एवं जय भीम के गगन भेदी नारों के साथ निकाला गया। जुलूस का स्थानीय बस स्टैंड क्षेत्र में बड़ी संख्या में मुस्लिम भाइयों ने इस्तकबाल किया । जुलूस का मैन मार्केट क्षेत्र , खिरका मुहल्ला एवं रास्ते भर जबरदस्त स्वागत सत्कार किया गया । इसके जुलूस खिरका मोहल्ला, थाना मुहल्ला होते हुए पुनः अम्बेडकर वार्ड मे समाप्त हुआ। जहाँ प्रसाद वितरण पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में नायब तहसीलदार प्रीतम सिंह, थाना प्रभारी धर्मेन्द्र गुर्जर अपने स्टाफ़ सहित मौजूद रहे। जुलूस में सभी वर्गों के गणमान्य नागरिकों, जन प्रतिनिधियों एवं बाबा साहेब के अनुयायियों ने भाग लिया।

### गणवेश क्रय की कार्यवाही की जाये

**दमोह।** सत्र 2024-25 के अंतर्गत शासकीय शालाओं में कक्षा 01 से 08 में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं अर्थात दर्ज छात्र/छात्राओं की संख्यानुसार 118438 बच्चों के लिए गणवेश स्वीकृति का कार्य विकासखंड स्तर पर बीआरसीसी के द्वारा किया गया। बीआरसीसी के द्वारा गणेवश स्वीकृति उपरांत 3358 बच्चों के खाते असफल रहे, जिनका सुधार कार्य भी बीआरसीसी स्तर से पूर्ण किया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र,स्तर से आगामी वन क्लिक के माध्यम से असफल रहे खातों में डी.बी.टी. के द्वारा 02 गणवेश की राशि का हस्तांतरण किया जायेगा। गणवेश की राशि बच्चों के खातो में पहुंचते ही, उनके पालकों/अभिभावकों के द्वारा गणवेश क्रय की कार्यवाही की जायेगी, और बच्चें शालाओं में गणवेश में उपस्थित होगें। जिला परियोजना समन्वयक ने समस्त अभिभावकों/पालकों से अपील की है कि सत्र 2024-25 में राज्य शिक्षा केन्द्र,भोपाल से वन क्लिक से प्राप्त राशि का उपयोग गणवेश क्रय में किया जाये और बच्चों को शालेय गणवेश में ही शाला में उपस्थित कराया जाये।

# हनुमान जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा



**हिन्डोरिया।** हनुमान जयंती नगर में धूम धाम से मनाई गई। नगर के हनुमान मन्दिरों पर सुबह विशेष पूजा अर्चना के साथ भगवान को चोला चढ़ाकर फूलों से श्रृंगार किया गया। रात्रि 9बजे के बाद प्राचीन मंदिर श्री राम दरबार से हनुमान जी की भव्य शोभा यात्रा निकली गई। जो नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई मुख्य बाजार क्षेत्र पहुंची जहां पर भारी आतिशबाजी की गई। हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा में मिट्टी की आकर्षक मूर्ति की झाकी सजाई गई थी। शोभा यात्रा में जय श्री राम जय हनुमान के नारे लगाए जा रहे थे। वहीं दूसरी ओर मुख्य बाजार क्षेत्र के हनुमान मंदिर पर महा आरती की गई एवं भजन कीर्तन का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। श्री राम दरबार में कार्यक्रम के बाद हवन पूजन कर भंडारा किया गया। उक्त अवसर पर लोगो की भरी भीड़ रही।

### एससी एसटी एवं ओबीसी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम

# धूमधाम मनाई गई बाबा साहेब की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा



भारत रत्न महान विचारक सामाजिक समरसता के शिल्पकार संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 जयंती का कार्यक्रम तेंदूखेड़ा जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तारादेही में आयोजित किया गया जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित हुए कार्यक्रम का आयोजन एससी-एसटी एवं ओबीसी के संयुक्त प्रावधान में किया गया जिसमें विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित वक्ताओं द्वारा बाबा भीमराव अंबेडकर जी के बने हुए संविधान के बारे में जनमानस को अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम बाबा भीमराव अंबेडकर एवं महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्येंद्र सिंह लोधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को बाबा साहब के विचारों का अनुसरण करना चाहिए विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित प्रताप सिंह लोधी पूर्व विधायक ने कहा कि बाबा साहब के लिखे हुए संविधान को हम सभी को पढ़ना चाहिए। ताकि हमारा समाज संवैधानिक अधिकारों को प्रति जागरूक हो सके जय आदिवासी युवा शक्ति जयस के प्रदेश संगठन मंत्री श्रीकांत सिंह पोरते ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब हम सभी के प्रेरणा स्रोत हैं हम सभी को बाबा साहब के विचारों को अनुसरण करना चाहिए उनके सिद्धांत एवं आदर्श आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण को मजबूती और गति देने वाले हैं प्रोफेसर डॉक्टर एन,आर,सुमन ने संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने हक अधिकारों के प्रति जागरूक होना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे उत्तम प्रसाद अहिरवार ने कार्यक्रम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एससी एसटी एवं ओबीसी के संयुक्त रूप से यह प्रथम बार कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें भारी संख्या में क्षेत्रवासीय एवं जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिला इस प्रकार की आयोजन समाज को एक नई दिशा देते हैं आने वाले समय मे सभी कार्यक्रम संयुक्त रूप से आयोजित किए जाएंगे इस अवसर पर मुकेश राजा साहब, गुड्डा सिंह ठाकुर, देशराज ठाकुर सरपंच, दिनेश खरे सरपंच, योगेंद्र तेकाम,सरपंच, डॉ रमेश अहिरवार, केपी अहिरवार,रेवाराम अहिरवार संरक्षक, काशीराम अहिरवार, हेमलता, डॉ मनोज सुमन,भगवानदास, रामदास, परमलाल अहिरवार, डॉ राजेश अहिरवार, गनेश प्रसाद अहिरवार, संतोष भारती, प्रदीप अहिरवार, वृहदास, डॉ हीरालाल, लालसिंह, नंदराम, पी,एल अहिरवार, मट्टू, सन्नू, कन्नू, सेव,गिरजा, नरवद, कंधी, विनोद, डेलन, मोहन, सोनी लाल, बबलू अहिरवार, मानक, भागीरथ, मस्तराम, श्यामलाल, प्रसादी, गोपाल, शंकर, विजय सुमन, सुरकत, परमलाल, लखन लाल राम सिंह, सत्यपाल, चेतू, गणेश प्रसाद, हल्लू , लालसीग, परसादी, मनमोहन, सुग्रीम, राजकुमार शिवम, राजेंद्र सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी एवं एससी एसटी ओबीसी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# खरीदी केंद्र का किया निरीक्षण

**दमोह।** बटियागढ़ तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी हिनौती गांव पहुँचे, यहॉ वेयरहाउस में चल रहे खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। तहसीलदार ने समर्थन मूल्य पर गेंहू, मसूर खरीदी के संबंध में केंद्र प्रभारी और कर्मचारियों से जानकारी लेकर व्यवस्थाएं दुरस्त रखने के निर्देश दिए। वेयरहाउस में भंडारण, वारदाना आदि का निरीक्षण कर तहसीलदार ने अमले से कहा खरीदी केंद्र पर किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिये। तहसीलदार योगेन्द्र चौधरी ने केंद्र में किसानों से चर्चा कर खरीदी केंद्र पर व्यवस्थाओ की जानकारी भी ली।

# भौंरासा में हुआ समरसता सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन एवं मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद दमोह के मार्गदर्शन में छात्र सर्व कल्याण समिति दमोह द्वारा पथरिया विकासखंड अंतर्गत सदगुवां सेक्टर के ग्राम भौंरासा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति एवं ग्राम पंचायत भौंरासा के सहयोग से सप्ताहित पखवाड़ा के अंतर्गत ₹सामाजिक समरसता सम्मेलन₹ का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत के सरपंच भारत पटेल एवं अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ भालू अहीरवाल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप सरपंच हरिराम यादव,सं स्था अध्यक्ष जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल ने की। मुख्य अतिथि सरपंच भरत पटेल ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों की जयंती पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने चाहिए ताकि सभी में आपसी सामंजस्य बना रहे बाबा साहब का योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता मैं उनको अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करता हूं।

समाज के वरिष्ठ व्यक्ति भालू अहिरवार ने कहा हम सभी को आज बहुत खुशी हो रही है कि आप सभी ने बस्ती में आकर अंबेडकर जयंती मनाई है। आगे भी सभी समाज मिलकर कार्यक्रम आयोजित करते रहेंगे और मिलजुल कर गांव का विकास करेंगे ।

संस्था अध्यक्ष एवं जिले के यूथ अचीवर्स कृष्णा पटेल ने कहा कि सभी धर्म जाति और वर्ग के लोगों को समानता का अधिकार भारतीय संविधान के माध्यम से बाबा साहब ने देने का काम किया है, हम सभी को सामाजिक समरसता का संकल्प लेने की आवश्यकता है, हम सभी का जन्म मानव जीवन में हुआ है और हम सभी को समानता का अधिकार है। विश्व का सर्वाधिक वृहद संविधान हमारा भारत का संविधान है, बाबा साहब का योगदान इस राष्ट्र के नवनिर्माण में मील का पत्थर साबित हुआ है, उनके पद चिन्हों पर चलकर हम सामाजिक समरसता और समानता का भाव स्थापित करेंगे।

ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष आशीष पटेल ने कहा कि आज बहुत अच्छा दिन है कि बाबा साहब की जयंती पर हम सभी वर्गों के लोग एक साथ बैठे हैं गांव में अमन चैन और सौहार्द बना रहे इसलिए आज सामाजिक समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस दौरान लक्ष्म्ज न अहिरवार, भरत अहिरवार ,बलि अहिरवार ,अनुराग अहिरवार , अरविंद अहिरवार, राजेन्द्र अहिरवार, खिलान अहिरवार, अमित पटेल, धर्मेन्द्र पटेल, सुरेन्द्र पटेल, तीरथ पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही ।

# पुस्तक व गणवेश मेले में शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश

**दमोह।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग दमोह के संयुक्त तत्वाधान में 15 अप्रैल से 20 अप्रैल 2025 तक शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह के प्रांगण में द्वितीय चरण में छह दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले का आयोजन प्रतिदिन शाम 4 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जा रहा है।

कलेक्टर एवं जिला समिति अध्यक्ष सुधीर कुमार कोचर ने संबंधित अधिकारियों से छह दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेले में शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं किसी भी अप्रिय घटना को रोकने हेतु पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिये है। कलेक्टर श्री कोचर ने छह दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेला आयोजन स्थल पर अस्थायी चिकित्सा केन्द्र की स्थापना, प्राथमिक उपचार किट के साथ उपयोगी एवं महत्वपूर्ण दवाओं की व्यवस्था किए जाने, मेला आयोजन स्थल पर हीट स्ट्रोक, डिहाइड्रेशन एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में ओ.आर.एस. एवं प्राथमिक उपचार सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने हेतु स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिये। उन्होंने कहा मेला स्थल पर आपात स्थिति में त्वरित चिकित्सा सहायता हेतु डॉक्टर एवं कर्मचारियों की टीम सहित एक एम्बेलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

उन्होंने पुलिस विभाग से कहा है मेला आयोजन स्थल के आसपास यातायात नियंत्रण एवं पार्किंग व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित करने, ट्रैफिक जाम एवं अव्यवस्था को रोकने, आम जनता एवं आगन्तुकों को यातायात मार्ग एवं पार्किंग स्थलों की सूचना देने हेतु संकेतक (Sigh Boards), बेरीकेड्स तथा पर्याप्त संख्या में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था किए जाने तथा व्यवस्थित पार्किंग हेतु बेरीकेड्स की संख्या बढ़ाए जाने की आवश्यकता है, मेला आयोजन स्थल पर समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जायें।

उन्होंने नगर पालिका अधिकारी से कहा छह दिवसीय पुस्तक, स्टेशनरी एवं गणवेश मेला आयोजन स्थल एवं उसके आसपास नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त संख्या में डस्टबिन एवं कचरा निस्तारण की व्यवस्था तथा इस हेतु पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मचारियों की तैनाती की जाये, मेला आयोजन स्थल पर तैनात कर्मचारियों एवं आगन्तुकों के लिए चलित शौचालय एवं मूत्रालय की व्यवस्था, अग्नि संबंधी दुर्घनाओं की रोकथाम हेतु फायर ब्रिगेड एवं मेला स्थल पर वाहनों के आवागमन से उड़ने वाली धूल की रोकथाम हेतु प्रतिदिन मेला प्रारम्भ होने के पूर्व अनिवार्यतः जल छिड़काव किया जाये।

# कांग्रेस ने मनाई बाबा साहेब की जयंती



**जबेरा।** जबेरा कांग्रेस कमेटी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती अपने कार्यालय में मनाई। इस अवसर पर अध्यक्ष ओपी शर्मा ने डॉ अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अंबेडकर एक महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री और समाजसुधारक थे जिन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया। कार्यक्रम में पंडित रघुनंदन तिवारी, गोविंद तिवारी, अजय तिवारी, गोलू तिवारी, इंदर सिंह, नितिन मिश्रा, प्रवीण राय की उपस्थिति में डॉ. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमों में उनके संविधान निर्माण और सामाजिक न्याय में योगदान को भी याद किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पंडित गोविंद तिवारी ने कहा कि अंबेडकर के सामाजिक चिंतन में अस्पृश्य, दलित एवं शोषित वर्ग का उत्थान एवं संविधान में सभी वर्गों के अधिकारों की रक्षा की।

# 6 माह पूरे करने वाले बच्चों का सामूहिक अन्नप्राशन कराया



**तेंदूखेड़ा।** नगर के वार्ड क्रमांक 11 के केंद्र दो में पोषण अभियान अंतर्गत सातवे पोषण पखवाड़ा 2025 का दिनांक 8 अप्रैल 025 से 22 अप्रैल 025 तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम आधारित थीम जीवन के प्रथम 1000 दिवस केंद्रित गतिविधि एवम C-SAM समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन मॉड्यूल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन पर आधारित अन्नप्राशन दिवस का आयोजन कर 6 माह पूरे करने वाले बच्चो को आमंत्रित कर सामूहिक अन्नप्राशन किया गया। अन्नप्राशन में बच्चों को उपहार स्वरूप कटोरी चम्मच दी गई। हर्षिका पिता मुकेश यादव एवम चित्रलेखा पिता सूर्यकांत विश्वकर्मा को आमंत्रित कर रोली, फूल माला पहनाकर कर स्वागत कर अन्नप्राशन किया गया। और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के द्वारा समझाइश दी गई की शिशु के 6 माह पूरे होने पर अब से अर्ध ठोस आहार के साथ साथ 2 साल तक स्तनपान करवाए। नियमित वजन, टीकाकरण करवाए।इस कार्यक्रम में श्रीमती माया यादव,श्रीमती निकिता विश्वकर्मा, श्रीमती माया विश्वकर्मा, एवम बच्चो में निधि, नायरा, हर्षिता, शिवांश, दर्शिका आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जानकी रैकवार एवम आंगनवाड़ी सहायिका रीना लोधी उपस्थित रही।

## खबर संक्षेप

### सचिव बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने सचिव ग्राम पंचायत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को ग्राम पंचायत स्तर पर बाल-विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया है। ज्ञातव्य है राज्य शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जारी 07 अप्रैल 2025 के अनुसार ग्राम पंचायत स्तर पर सचिव ग्राम पंचायत, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को बाल-विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त करने की सहमति दी गई है।

### द्वितीय चरण के पुस्तक मेले का शुभारंभ

**दमोह।** महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में द्वितीय चरण का पुस्तक मेला मंगलवार से प्रारंभ हुआ। प्रथम चरण के पुस्तक मेले में जो अभिभावक मेले में नहीं पहुंच पाए अथवा उस समय तक जो पुस्तकें अभिभावकों को प्राप्त नहीं हुई उनकी आवश्यकताओं को देखते हुए जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग की ओर से द्वितीय चरण के पुस्तक मेले का आयोजन किया गया है यह मेल 6 दिवसीय होगा जो 20 अप्रैल तक संचालित रहेगा। दमोह शहर ही नहीं आसपास के ग्रामीण एवं समीपवर्ती अन्य जिलों के लोग भी पुस्तक मेले में आकर स्टेशनरी गणवेश एवं अन्य सामग्री की खरीदी कर रहे है।

### सफाई कर्मचारियों के साथ करेंगे संवाद

**दमोह।** राष्ट्रीय मानव आयोग के सदस्य श्री प्रियंक कानूनगो आज 16 अप्रैल 25 को व्हाया विदिशा होते हुये दमोह आयेंगे । आप 16 अप्रैल को दोपहर 12.30 बजे भोपाल से चलकर शाम 5 बजे दमोह आयेंगे तथा स्थानीय अंबेडकर चौक पर मानस भवन में नगर पालिका सफाई कर्मचारियों के साथ संवाद करेंगे। आप कार्यक्रम उपरांत दमोह से भोपाल के लिये रवाना होंगे।

### सामाजिक समरसता का द्वितीय समागम

**दमोह।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की 134 वीं जयंती पर 16 अप्रैल दिन बुधवार को हिंडोरिया में आयोजित होने वाले डॉ.बी.आर.अम्बेडकर विचार महोत्सव हिंडोरिया के कार्यक्रम स्थल पर सांसद राहुल सिंह लोधी ने बैठक कर सदस्यों को विभिन्न दायित्व प्रदान किये। इसके उपरांत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारीगण, विचार मंच के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### विद्युत मंडल की मनमानी पर नहीं लग रहा अंकुश

# गर्मी के कहर में की जा रही बिजली कटौती से लोग हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर व क्षेत्र में आसमान से आग बरसती धूप जहां शरीर को जला रही है, वहीं धरती भी आग उगल रही है। दिन के सुबह 10 बजते ही गर्मी और उमस का प्रकोप नजर आने लगता है। दोपहर को तेज चिलचिलाती धूप से लगने वाली लू ने लोगों को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया है। लोग अपना सारा कामकाज छोड़ कर घरों में दुबकने को मजबूर हैं। वही मगंलवार को दिन की शुरूआत होते ही पारे में तेजी से उछाल आया। इस मौसम में हर कोई पसीना पोछता नजर आया। तपिश भरा यह मौसम लोगों की परेशानियों का सबब बना हुआ है। लोग गर्मी और तपती दोपहरी के कारण घरों से निकलने की हिम्मत नहीं जुटा रहे हैं। मजबूरी में जो लोग घर से निकल भी रहे हैं वे गर्मी से बचने का पूरा इंतजाम कर के साथ। लेकिन चिलचिलाती धूप में सारे इंतजाम नाकाम साबित हो रहा। दोपहर के वक्त आग उगलते सूर्य के सामने न तो गमछा काम आ रहा और न ही स्टॉल। तेज धूप होने और गर्म हवा चलने की वजह से लोगों को घर और बाहर कहीं राहत नहीं मिल रही। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग घरों में लगे पंखे कूलर का इस्तेमाल कर रहे लेकिन विद्युत मंडल के अधिकारियों की तानाशाही भी अब सबाव पर है दिन हो या रात जब कभी भी मनमाने तरीके से बिना सूचना के ही लाइट बंद कर दी जाती है जिससे लोगों को न घर में सुकून मिल रहा है न बाहर लोग बेचैन है और अब लोग विद्युत मंडल पर आक्रोशित नजर आ रहे हैं।

### बिजली कटौती से परेशानी बढ़ी

हटा नगर व क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गांव में प्रति दिन तीन-चार घंटों तक बिजली बंद कर रहे हैं। सुबह हो या शाम को कभी भी घंटों और रात में बिना कारण बिजली को बंद कर दी जा रही है वहीं विगत दो-तीन दिनों से सुबह से ही मेंटेनेंस करने के नाम पर नगर व क्षेत्र की सप्लाई लगातार कई घंटों तक बंद की जा रही है जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। तेज गर्मी और चिलचिलाती धूप के चलते लोगों को पंखे कूलर की अति आवश्यक होती है किंतु इधर बिजली विभाग अपनी मनमानी कर कभी भी किसी भी वक्त लाइन को बंद कर दिया जा रहा है। छोटे बच्चे, बड़े बुजुर्ग और बीमार व्यक्ति भी दोपहर रात को बिजली का राह ताकते रहते हैं। बिजली की अचानक कटौती से टीवी, पंखा, कूलर, फ्रिज और अन्य समाग्री भी खराब हो रही है। वहीं अब नगर में स्मार्ट मीटर लगाये गए हैं जो कि बिना बिजली के ही बिल के इतना तेज करंट मार रहे हैं किया आम आदमी सहन नहीं कर पा रहा है। एक दिन भी बिल लेट हो जाने पर तुरंत लाइट बंद कर दी जाती है इसके बावजूद भी विद्युत मंडल द्वारा मनमाने तरीके से कटौती की जा रही है जिससे भीषण गर्मी के चलते लोगों में आक्रोश फैल रहा है। लेकिन क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि विद्युत मंडल के तानाशाह अधिकारियों द्वारा की जा रही मनमानी पर चुप्पी साधे हुए है जिसका खामियाजा जनता भुगत रही है।

### नल खुलने का नहीं कोई समय निर्धारित

# पटेरा में पेयजल व्यवस्था: गंदा, मटमैला व बदबूदार पानी की सप्लाई से लोग परेशान



### नप उपाध्यक्ष वाटर फिल्टर प्लांट का किया निरीक्षण

नगर परिषद में पानी की लगातार समस्या को गंभीरता से लेते हुए नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को साथ लेकर वाटर फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्लांट में कई कमियाँ और खामियाँ पाई गईं, जिनका अवलोकन किया गया। श्री ताम्रकार ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से आग्रह किया कि इस जीरो मेंटेनेंस वाटर प्लांट में कार्य सुचारु रूप से और व्यवस्थित तरीके से हो, जिससे नगरवासियों को शुद्ध पेयजल की सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद उपाध्यक्ष के साथ इंजीनियर पुष्पेंद्र पटेल, ठेकेदार मयंक दुबे, अंकुर तिवारी एवं नितेश पटेल भी उपस्थित थे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



नगर में पेयजल सकंट के आसार ग्रीष्म ऋतु प्रारंभ होते ही दिखाई देने लगे है। निगम द्वारा संचालित व्यवस्था के तहत दो दिन में नल खोले जा रहे है परंतु समय निर्धारित न होने से आम नागरिकों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कभी सुबह तो कभी मध्यान्ह तो कभी शाम को नल खुलते है। दो दिन में मिलने वाले पानी भी मटमैला व बदबूदार होने से लोग परेशान है परंतु जल निगम इस दिशा में कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा है। नगर परिषद के कतिपय नेता अधिकारी कर्मचारी भी इस दिशा में खामोश है। नल किसी वार्ड में काफी देर तक चलते है तो कही कही थोड़ी ही देर में बंद हो जाते है। कही पानी की बर्बादी हो रही है तो कही कही लोग अपने पीने तक का पानी नहीं भर पा रहे है। अभी तो गर्मी की दस्तक हुई है। आगे तेज गर्मी पड़ने पर क्या होगा लोग परेशान है व जिम्मेदार अपनी राजनीति में मशगूल है। फिल्टर प्लांट का नप उपाध्यक्ष ने अधिकारियों के साथ किया दौरा। जीरो व्यवस्था की कही बात पटेरा में बने फिल्टर प्लांट का नगर परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार ने अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया तो उन्होने कहा कि यहां की फिल्टर व्यवस्था जीरो होने से नगर में गंदा मटमैला व बदबूदार पानी मिल रहा है।

# 218 आवेदनों पर हुई सुनवाई



**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले भर से आये नागरिकों की आज जनसुनवाई में समस्याएं सुनी। इस दौरान सामान्य जनसुवाई में 218 आवेदनों पर सुनवाई करते हुये संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई के दौरान 152 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर अविनाश रावत सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे। 25 पंचायतों में तीसरा सप्ताह जनसुनवाई में कुल 66 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें 54 का निराकृत एवं 12 आवेदन लंबित हैं। इसमें नोहटा, बनवार, पतलौनी, बोतराई, खड़ेरी सहित चिन्हित 25 जनपद पंचायत स्तर पर जन सुनवाई की गई।

# मिशन अस्पताल प्रबंधन समिति पर अपराधिक प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मिशन अस्पताल में फर्जी डॉक्टर द्वारा की गई हार्ट सर्जरी के दौरान सात मरीजो की मौत के आरोपो की जांच के चलते फर्जी डॉक्टर नरेंद्र यादव की प्रयागराज से गिरफ्तारी तथा पुलिस रिमांड पर पूछताछ के दौर के बीच मिशन अस्पताल की कैथ को सील कर दिए जाने की कार्रवाई पिछले दिनों की गई थी। वहीं अब जांच के बाद मिशन हॉस्पिटल समिति प्रबंधन के खिलाफ दमोह कोतवाली में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा ने मंगलवार दोपहर इस मामले में जानकारी देते हुए बताया कि मिशन अस्पताल प्रबंधन समिति पर कोतवाली पुलिस ने अवैध कैथ लैब संचालन के आरोप में अपराध दर्ज किया गया है। दरअसल जबलपुर के डॉ अखिलेश दुबे ने दमोह सीएमएचओ मुकेश जैन को शिकायत में बताया था कि मिशन अस्पताल प्रबंधन के द्वारा उनके नाम से फर्जी रजिस्ट्रेशन कराकर कैथ लैब संचालित की जा रही है। उन्होंने जब ऑनलाइन दस्तावेजों को सर्च किया तो उसमें उनके फर्जी हस्ताक्षर भी मिले। जिसकी जांच के बाद सीएमएचओ जैन द्वारा दी गई रिपोर्ट पर पुलिस ने मिशन अस्पताल प्रबंधन समिति पर एफआईआर दर्ज की है। कोतवाली में मिशन अस्पताल प्रबंधन समिति के अशीम न्यूटन, फ्रेंक हैरीशन, इंदू लाल, जीवन मैसी, रोशन प्रसाद, कदीर यूसुफ, डॉ. अजय लाल, संजीव लेम्बर्ड के खिलाफ धारा 318(4), 336 (2), 340(2), 105,3 (5) बीएनएस, मध्यप्रदेश उपचारगृह एवं रुजोपचार अधिनियम (रजिस्ट्रीकरण तथा अनुज्ञापन) अधिनियम 1973 व नियम 1997 संशोधित नियम 2021 की धारा 12 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। फिलहाल मामले की विवेचना जारी है।

# तीन माह काले कोट में नहीं दिखेंगे अधिवक्ता

**दमोह।** म.प्र. राज्य अधिवक्ता परिषद ने ग्रीष्मकालीन मौसम को ध्यान में रखते हुए अधिवक्ताओं को बड़ी राहत दी है। परिषद ने 15 अप्रैल 2025 से 15 जुलाई 2025 तक की अवधि में अधिवक्ताओं के लिए न्यायालय में काला कोट पहनने की अनिवार्यता को अस्थायी रूप से शिथिल कर दिया है। यह निर्णय बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमों के अनुरूप लिया गया है, जो ग्रीष्मकाल में उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय को छोड़कर अन्य सभी न्यायालयों में अधिवक्ताओं को काला कोट पहनने की अनिवार्यता से छूट प्रदान करता है । शासकीय अधिवक्ता राजीव बद्री सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रदेश के कई तहसीलों व जिलों में यह हालात हैं कि बैठने की जगह की तुलना में वकीलों की तादाद काफी ज्यादा है। ऐसे में उन्हें खुले में बैठना पड़ता है या तंग जगह में काम करना पड़ता है। खासकर बिजली गुल हो जाने की दशा में उनकी परेशानी और ज्यादा बढ़ जाती है। काउंसिल के इस निर्णय से प्रदेश के एक लाख वकीलों को फायदा पहुंचेगा ।यह निर्णय 15 जुलाई 2025 तक प्रभावी रहेगा, जिसके पश्चात यह आदेश स्वतः समाप्त हो जाएगा।

# होटल का किया औचक निरीक्षण

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशों के तहत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा जांच दल ने हिंडोरिया मेन चौराहा में निरीक्षण कार्यवाही करते हुए समोसे के नमूने जांच हेतु लिए हैं। कार्यवाही में हिंडोरिया में मेन चौराहा स्थित अजय होटल का औचक निरीक्षण किया गया है। होटल से मिलावटी खाद्य सामग्री ग्राहक को विक्रय करने की सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज हुई थी। समोसे के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर होटल संचालक को परिसर में साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# सीसी रोड निर्माण की जांच की मांग

**बनवार।** जबेरा जंप की ग्राम पंचायत हरदुआ सड़क के गांव मझगवा कीरत में सोनू के घर से मोहन के घर तक सीसी निर्माण सह नाली निर्माण किया जा रहा है जिसमें अनियमिताओं की शिकायत ग्रामीणों के द्वारा की गई है। अंकित सिंह नरेश सिंह अजय अभिषेक सिंह ने बताया सीसी रोड नाली के निर्माण कार्य में ना तो बेस डाला जा रहा है न ही पन्नी बिछाई जा रही सीधे रास्ते पर सीसी निर्माण किया जा रहा है। जो निर्धारित मानकों से कम है ग्रामीणों का आरोप है मात्र दो से तीन इंच मोटी सीसी रोड बनाई जा रही है। जिसमें नाम मात्र के लिए सीसी रोड निर्माण की औपचारिकता पूरी की जा रहे हैं।



सीसी रोड निर्माण में नाली निर्माण नहीं किया जा रहा है और सीसी रोड डालने के बाद नाली निर्माण के लिए अब जगह नहीं बची है। जबकि सीसी रोड सह नाली निर्माण होना था ग्रामीणों ने सीसी रोड निर्माण में की जा रही अनियमिताओं की जांच की मांग की गई है।

# मनरेगा में मिली भगत से फर्जीवाड़ा

**पथरिया।** केंद्र सरकार की मनरेगा योजना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य के लिए शासन द्वारा 25 लाख रुपए तक के काम करने ग्राम पंचायतों को अधिकार है पंचायतों में मनरेगा योजना रोजगार सहायकों के लिए सही मायने में वरदान है पंचायत में क्या काम चल रहे हैं यह अधिकांश लोगों को पता तक नही रहते कि कौन काम किस योजना से चल रहे हैं लेकिन सोचने वाली बात है जनपद की कुछ ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष में 2023-24 में 70-75 लाख रुपए के काम कराये मतलब जनपद पंचायत अंतर्गत करोड़ों रुपए खर्च हुए पर हकीकत देखने पर काम किस तरह से हुए इसकी कभी जांच नही की जाती कार्य स्वीकृति से पहले 10-15 प्रतिशत का लेन देन हो जाता है उसके बाद आगे चलता है मस्टर रोल का काम रोजगार सहायकों के हाथ में रहता है जो मशीनों के काम को मजदूरों का नाम देकर खातों में भुगतान करवाते हैं जिसमें नाम किसी का खाता कोई चलते रहते हैं ऐसा नहीं किसी को मालूम नही सही मायने में जनपद के अधिकारी स्वयं रोजगार सहायकों को रास्ते बताते हैं बदले में अपना हिस्सा फिक्स कर लेते हैं जिससे सब कुछ खेल चल रहा है। कार्यवाही अगर थोड़ी बहुत कभी की गई तो सिर्फ एकाध पर वाकि सब की मिली भगत रहती है जिससे सब एक दूसरे पर आरोप लगाते रहते हैं जबकि सही मायने में गलती जनपद के अधिकारी शुरुआत से करते हैं और फिर जिनको जांच करना है वह पहले ही लेन देन कर लें तो फिर कार्यवाही की बात कहां रहेगी। शासन द्वारा मनरेगा योजनाओं में खुलकर भ्रष्टाचार अधिकारियों की मिली भगत से होता है वही कागजों पर कार्य प्रगति दर्शाते रहते हैं वर्तमान में जनपद की कार्यशैली से सब परिचित हैं कि किस तरह से संचालन किया जा रहा है। अब तो हर कोई यह चर्चा करने लगा कि यहां बस चले तो एक दो लोग ही जनपद चला सकते वाकि की आवश्यकता नहीं लगती है।

# गांव गांव में, चाय पान की तरह बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैसाबाद




शराब ठेकेदार की मनमानी एवं आबकारी विभाग, की उदासीनता के चलते गैसाबाद ग्रामीण क्षेत्र के अधिकांश गांव में अवैध शराब का कारोबार संचालित हो रहा है। इस अवैध शराब के कारोबार से गांव गांव में अशांति का माहौल निर्मित रहता है। प्राप्त जानकारी अनुसार जिला छतरपुर के शराब ठेकेदार द्वारा हटा ब्लॉक की ग्राम हिनौता एवं ग्राम गैसाबाद की शराब दुकानो का ठेका लिया है। ठेकेदार द्वारा गैसाबाद और हिनौता की लाइसेंसी दुकानो की आड़ में ग्रामीण क्षेत्र के गांव-गांव में अवैध शराब का कारोबार चलाया जा रहा है।

हरिभूमि संवाददाता ने जब ग्रामीण क्षेत्र का जायजा लिया तो ग्रामीण क्षेत्र की जनता ने बताया कि ग्राम खमरगौर, मुहरई, कचनारी, भैसा जैसे अनेक गांवों में अवैध शराब बेची जा रही है। जिससे हमारे गांव में शराबियों का उत्पाद निरंतर बढ़ रहा है। आए दिन गांव में लड़ाई झगड़ा होना आम बात हो गई है, शराबियों से पीड़ित महिलाओं ने अपना नाम नहीं छापने की शर्त पर हरिभूमि को बताया कि अब तो गांव-गांव में चाय पान की दुकान की तरह शराब की दुकाने खुलती जा रही हैं। जिससे शराबियों को शराब आसानी से उपलब्ध हो रही है। गौरतलब है कि गैसाबाद दमोह जिला की सीमा पर स्थित है पुल के उस पार पन्ना जिला लग जाता है। शराब ठेकेदार इसी बात का फायदा उठाते हुए शराब का आदान प्रदान एक जिला से दूसरे जिला में करते रहते हैं क्षेत्र वासियों ने पुलिस प्रशासन के मुखिया पुलिस अधीक्षक से गांव-गांव में बिक रही अवैध गैर कानूनी शराब बिक्री पर अंकुश लगाए जाने की मांग की है।

अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन अवैध शराब बिक्री पर कब और क्या? कार्रवाई करता है। देखा गया कि गैसाबाद शराब दुकान में ना तो कोई लाइसेंसी नाम का बोर्ड लगा हुआ है और ना ही ठेकेदार के नाम का उल्लेख किया गया है।

# हनुमान मंदिर में सीताराम समिति ने किया भजन कीर्तन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

सुभाष कॉलोनी दमोह में हनुमान मंदिर में सीताराम समिति बा वार्ड की महिलाओं ने बड़ी संख्या में उपस्थिति होकर भजन कीर्तन किया जिसमें सर्व प्रथम हनुमान जी की विधि विधान से पूजा अर्चना कर भजन कीर्तन की शुरुआत की गई। समिति सदस्य श्री दयालु ठाकुर ने बताया कि हनुमान मंदिर में बब्बा जी की छोटी मूर्ति ब्राजमान जो कि वार्ड सहित जिले भर से लोग अपनी मनोकामना पूर्ण करने अर्जी एवं भेंट लेकर आते हैं। बब्बा जी की कृपा से बहुत लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण हुई ,यह मन्दिर वार्ड वासियों को आस्था का केंद्र है जिसमें समय समय पर वार्ड वासियों द्वारा धार्मिक आयोजन कर धर्म लाभ हेतु कार्यक्रम चलते रहते है। उसी क्रम में आज वार्ड की महिला शक्ति द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थिति होकर भजन कीर्तन किया गया। जिनमें तुलसा सेन शकुन नामदेव वर्षा पटेल उमा ठाकुर गीता बंसल मनीष विश्वकर्मा लीला नामदेव कौशल्या सेन हरि बाई रीता यादव आरती गोंड एवं वार्ड वासियों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।

# शिशु रोग विशेषज्ञ ने लाईव आकर दी विविध जानकारियां

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा डॉ. जलज बजाज बड़े प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ है। उनका आज एक सेशन हुआ। जिसमें की शून्य से 6 माह तक के जो नवजात शिशु हैं, उनकी देखभाल कैसे की जाए, क्योंकि यदि शिशुओं की देखभाल सही तरीके से नहीं होती है, तो वह शिशु या तो मृत हो जाते हैं, या फिर हमेशा के लिए दिव्याँग हो जाते हैं, या उनको कोई बीमारी हो जाती है, और इन सब चीजों से बचाने के लिए बहुत जरूरी है, कि माताएं यह समझें कि पहले छह माह में बच्चे की देखभाल कैसे की जाती है। आज डॉ. बजाज ने कलेक्टर की फेसबुक पर लाईव आकर शिशुओं के संबंध में बहुत की सटीक जानकारी दी है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया इसी प्रकार कल हमारा अगला फेसबुक सेशन है, जो बच्चों के लिए है, अब जो बच्चे 10 वीं पास कर चुके हैं, उनके मन में सबसे बड़ा प्रश्न यह है, कि ग्यारहवीं में सब्जेक्ट कौन सा लें तो सब्जेक्ट सेलेक्शन एक बच्चों के लिए बड़ा प्रॉब्लम रहता है। चुनौती रहती है, पेरेंट्स भी परेशान होते हैं। उसको लेकर के उनको भी समझ में नहीं आता है, कैसे सेलेक्ट करें तो कल वह एक बहुत महत्वपूर्ण सेशन रहेगा जिसमें हमारे कई सारे विशेषज्ञ बैठेंगे और बच्चों को सलाह देंगे। सब्जेक्ट का चयन उनको 11वी में कैसे करना चाहिए मेरा आग्रह है, बच्चों से और उनके पेरेंट्स से की कृपया इस सेशन को जरूर अटेंड करे, इसको बिल्कुल छोड़े ना यह आपके लिए बहुत उपयोगी साबित होगा। श्री कोचर ने कहा अच्छे रिजल्ट की कल्पना करना अभी पहला उद्देश्य था कि गांव में जो एक सबसे बड़ी शिकायत आती है, कि कोई मिलता नहीं है, कोई आता नहीं है हेडक्वार्टर, उसको दूर करने के लिए बेसिक्ली जन सुनवाई भी हो रही है, मंगलवार को पंचायत मुख्यालय के ऊपर और साथ में पटवारी पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता यह जो फील्ड लेवल के वर्कर्स हैं। जिनके बारे में लोग अक्सर कहा करते हैं, कि यह कहीं बाहर है, यह मिल नहीं रहे हैं। तो 1 दिन कम से कम वह 11 बजे से 2 बजे तक बिल्कुल फिक्स है, की वह मिलेंगे इससे लोगों को काफी राहत मिलना प्रारंभ हुई है। उन्होंने कहा अभी पिछली जन सुनवाई का जो सार रहा है, वह यह रहा है कि लगभग एवरेज 60 से 80 के बीच में इन सभी 25 जगहों पर शुरू किया है। अभी आवेदन आ रहे हैं। इस सिस्टम को थोड़ा सेटल डाउन होने देंगे ताकि धीरे-धीरे फिर इसमें आवेदनों की संख्या बढ़ेगी। जब यह निराकरण बढ़ने लगेगा तो अभी प्रारंभिक स्टेज पर है, और इसको अभी थोड़ा और स्मूथ करने का प्रयास लगातार करते रहेंगे।

# बिना रजिस्ट्रेशन धड़ल्ले से संचालित हो रहे अस्पताल

**पथरिया।** जिलें में स्वास्थ्य विभाग में फर्जी डॉक्टर की कार्यशैली वैसे ही चर्चाओं में बनी हुई है लेकिन उसके बाद भी विभाग द्वारा कार्यवाही नही की जा रही है ताकि और कही ऐसी घटनाएं ना हो। पथरिया में प्रमुख मार्गों पर अपने अपने को स्वयं विशेषज्ञ बनकर बैठे इलाज कर रहे डाक्टरों पर आखिर क्यों कार्यवाही नही की जाती जबकि पिछले वर्ष जिला कलेक्टर द्वारा सभी झोलाछाप डॉक्टरों को निर्देश दिए गए थे कि जो भी जिस पेथी से पढ़ा हो वह उसी से इलाज करें पर जिला स्वास्थ्य समिति में रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। अन्यथा कार्यवाही की जाएगी पर कोई असर नही हुआ और 5-10 दिनों बाद पुनः वह अपनी अपनी अस्पताल खोलने लगें। अब फिर जिला कलेक्टर द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश जारी किए गए जिस पर 15 अप्रैल से 15 मई तक जांच कर कार्यवाही की जानी है अब देखना होगा इस का कितना असर हो रहा या फिर कोई किसी का चहेता है ऐसे में सब ऐसे ही चलता रहेगा।